विजयलक्ष्मी जोशी, आई.ए.एस

सचिव

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

247, “ए” विंग निर्माण भवन,

नई दिल्ली-110011

अ.शा.पत्र संख्या: डब्ल्यू-11037/01/2014/एनबीए

दिनांक: 13 नवंबर, 2014

प्रिय मुख्य सचिव,

यह मंत्रालय माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 2 अक्टूबर, 2014 को शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन को चला रहा है जिसका मुख्य ध्यान वर्ष 2019 तक, जो महात्मा गाँधी जी के जन्म के 150वें वर्ष से मिलता है, स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। मुख्य ध्यान केंद्रित बिंदुओं में से एक भारत में शौचालयों का संवर्धन और प्रयोग तथा खुले में शौच को समाप्त करना है।

2. मैं, आपको दिनांक 25.9.2014 से 31.10.2014 तक आयोजित स्वच्छता जागरूकता अभियान के दौरान आपके राज्य में स्वच्छता संबंधी जागरूकता सृजन के कार्यकलापों और खुले में शौच संबंधी संवाद करने के लिए धन्यवाद देती हूँ।

3. मैं, दिनांक 19 नवंबर, 2014 को विश्व शौचालय दिवस की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ। यह जरूरी है कि हम शौचालयों के प्रयोग और हाइजिन को बढ़ावा दें जिसके द्वारा इसकी सभी के लिए सुरक्षित हाइजिन सुनिश्चित करने हेतू आवश्यकता है। इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि आप पूरे राज्य में विश्व शौचालय दिवस के अनुपालन के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें ताकि शौचालयों के प्रयोग और उनके रख-रखाव के प्रति इस प्रयास में राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों की भागीदारी के साथ जागरूकता सृजित की जा सके। राज्य स्तर पर, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, जन जागरूकता कार्यकलाप भी किए जाएं।

4. मेरा आपसे यह भी अनुरोध है कि आप किए गए कार्यकलापों कि एक रिपोर्ट ई मेल anissaima@yahoo.com पर भेजें ताकि उसे स्वच्छ भारत मिशन फेसबुस पृष्ठ, जिसका रख-रखाव/ संचालन इस मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है, पर अपलोड किया जा सके ताकि हम

एक सामूहिक रिपोर्ट तैयार कर सकें। इन कार्यकलापों को ई-समीक्षा पोर्टल पर भी रिपोर्ट किया जा सकता है।

सादर,

भवदीया,

(विजयलक्ष्मी जोशी)

सेवा में,

सभी राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के सभी मुख्य सचिव